Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University

(Accredited A++ by NAAC)

CATEGORY-1 UNIVERSITY

University in News on 0 8 May 2024

Dainik Jagran Page - 04

33 विषयों की 874 पीएचडी सीटों पर होगा प्रवेश

सत्र 2023-24 के लिए प्रवेश को लेकर गोरखपुर विश्वविद्यालय ने पूरी की तैयारी

स्नातक में प्रवेश के लिए अब 25 तक करें आवेदन

एमए समाजशास्त्र विषय की की मौखिक परीक्षा 9 को

गोरखपुर : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के एमए समाजशास्त्र विषय की द्वितीय सेमेस्टर व चतुर्थ सेमेस्टर की रिसर्च प्रोजेक्ट की मौखिक परीक्षा नौ मई को विभाग में सुबह 10 बजे से आयोजित होगी। विभागाध्यक्ष प्रो. अनुराग द्विवेदी ने बताया कि सभी विद्यार्थियों को प्रोजेक्ट वर्क एवं प्रवेश पत्र के साथ निर्धारित तिथि को उपस्थित होना अनिवार्य है।

Amar Ujala Page - 05, 07

पीएचडी में 33 विषयों की 874 सीटों पर होगा प्रवेश

सत्र 2023-24 के लिए पीएचडी में प्रवेश को लेकर डीडीयू ने की तैयारी

महात्मा गांधी विश्वविद्यालय के छात्रों ने किया डीडीयू का भ्रमण

डीडीयू : स्नातक में प्रवेश के लिए अब 25 मई तक करें आवेदन

Inext Page - 04

प्रवेश के लिए पीएचडी की 874 सीटें ऑफर

नए पीएचडी अध्यादेश की खासियत

नया पीएचडी अध्यादेश पीएचडी के सभी वर्गों के छात्रों को बेहतर विकल्प प्रदान करेगा और शोध उत्कृष्टता को बढ़ावा देगा। - प्रो. पूनम टंडन, वीसी

शैक्षणिक दौरे का आयोजन

GORAKHPUR (7 May): गोरखपुर विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रशासन विभाग में महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी, बिहार के एमबीए छात्रों के लिए एक दिन का शैक्षणिक दौरे का आयोजन किया गया. इस अवसर पर दोनों विश्वविद्यालयों के छात्रों ने विभिन्न विषयों पर चर्चा की और अपने अनुभव साझा किए. इस भ्रमण के आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों के बीच ज्ञान, अनुभव और विचारों के विनिमय का एक मंच उपलब्ध कराया गया. इस आयोजन में दोनों यूनिवर्सिटीज के बीच संबंधों को मजबूत बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है, जो दोनों विश्वविद्यालयों के शैक्षणिक संस्थाओं को अधिक सक्षम बनाने में मदद करेगा.

Rashtriya Sahara Page - 04, 05

स्नातक प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी

गोरखपुर (एसएनबी)। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। पहले ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 7 मई घोषित थी जिसे अब बढ़ाकर 25 मई कर दी गई है। पूरित ऑनलाइन आवेदन अब 30 मई तक जमा होंगे। यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. हर्ष कुमार सिन्हा ने बताया कि इंटरमीडिएट कक्षाओं के आईसीएसई बोर्ड के परीक्षाफल सोमवार को घोषित हुए हैं इसलिए बड़ी संख्या में विद्यार्थी आवेदन नहीं कर सके हैं। जबकि सीबीएसई बोर्ड के परीक्षाफल अभी घोषित होने वाले हैं। ऐसे प्रतिवेदनों पर विचार करते हुए कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने अभ्यर्थियों के हित में अंतिम तिथि को 25 मई तक बढ़ाने के निर्देश दिए। संशोधित तिथि की सूचना विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल www.dduguadmission.in पर प्रदर्शित कर दी गई है।

पंजीकरण की अंतिम तिथि 25 व आनलाइन आवेदन 30 मई तक

दोनों विश्वविद्यालयों के छात्रों को उपलब्ध कराया गया संयुक्त मंच

डीडीयू में जल्द शुरू होगी प्रवेश प्रक्रिया

Hindustan Page 04

सत्र 2023-24 की शोध पात्रता परीक्षा (रेट) के लिए ऑनलाइन आवेदन को लेकर तैयारियां पूरी

पीएचडी में 874 सीटों पर प्रवेश लेगा डीडीयू

दाखिला

कोर्स से जुड़ी अहम बातें

आवेदन के लिए यह होगी अर्हता

डीडीयू और कॉलेजों में पीएचडी की विषयवार सीटें

एमए समाजशास्त्र की मौखिक परीक्षा कल

गोरखपुर। डीडीयू समाजशास्त्र विभाग में एमए द्वितीय सेमेस्टर (एसओसी 511) एवं एमए चतुर्थ सेमेस्टर (एसओसी 520) के विद्यार्थियों के रिसर्च प्रोजेक्ट मौखिकी की परीक्षा 9 मई को सुबह 10 बजे से होगी। यह जानकारी विभागाध्यक्ष प्रो. अनुराग द्विवेदी ने दी।

Swatantra Chetna Page 04

विश्वविद्यालय में नए पीएचडी अध्यादेश के तहत प्रवेश प्रक्रिया की घोषणा जल्द

स्वतंत्र चेतना

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय अपने पीएचडी कार्यक्रम 2023-2024 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ करने जा रहा है।

प्रवेश परीक्षा में विद्यार्थी विश्वविद्यालय द्वारा ऑफर की गई कुल 874 सीटों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। इन सीटों में विश्वविद्यालय के सुपरवाइजर के साथ 389, कॉलेज सुपरवाइजर के साथ 399 शामिल है। इसके अलावा विश्वविद्यालय परिसर में 34 विषयों में 86 अंशकालिक सीटें उपलब्ध है।

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा अनुमोदित नए पीएचडी अध्यादेश 2024 में छात्रों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से कई नए प्रावधान किए गए हैं।

नया पीएचडी अध्यादेश, जिसमें यूजीसी पीएचडी विनियम 2022 शामिल हैं, पीएचडी प्रवेश और शोध प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने पर केंद्रित है। कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने विश्वास व्यक्त किया कि नया पीएचडी अध्यादेश पीएचडी के सभी वर्गों के छात्रों को बेहतर विकल्प प्रदान करेगा और शोध उत्कृष्टता को बढ़ावा देगा।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विश्वविद्यालय ज्ञान के सृजन के स्थान हैं और शोध और नवाचार योगदान में शोधकर्ता महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

Amar Ujala Select Page - 04

पीएचडी में 33 विषयों की 874 सीटों पर होगा प्रवेश

डीडीयू : सत्र 2023-24 के लिए पीएचडी में प्रवेश को लेकर विश्वविद्यालय ने पूरी की तैयारी

86 अंशकालिक सीटें

स्नातक में प्रवेश के लिए 25 मई तक करें आवेदन

Gorakhpur Super Fast Times

डीडीयू : नए अध्यादेश के तहत पीएचडी में प्रवेश के लिए जल्द करेगा घोषणा

गोरखपुर। सुपर फास्ट टाइम्स

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर ने अपने पीएचडी कार्यक्रम 2023-2024 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ करने जा रहा है। प्रवेश परीक्षा में विद्यार्थी विश्वविद्यालय द्वारा ऑफर की गई कुल 874 सीटों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। इन सीटों में विश्वविद्यालय के सुपरवाइजर के साथ 389, कॉलेज सुपरवाइजर के साथ 399 शामिल हैं। इसके अलावा विश्वविद्यालय परिसर में 34 विषयों में 86 अंशकालिक सीटें उपलब्ध हैं। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा अनुमोदित नए पीएचडी अध्यादेश 2024 में छात्रों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से कई नए प्रावधान किए गए हैं। नया पीएचडी अध्यादेश, जिसमें यूजीसी पीएचडी विनियम 2022 शामिल हैं, पीएचडी प्रवेश और शोध प्रकिया को सुव्यवस्थित करने पर केंद्रित है।

कई प्रमुख विशेषताएं भी शामिल

1. प्रत्यक्ष नामांकन: जिन छात्रों ने चार वर्षीय स्नातक डिग्री पूरी कर ली है, वे स्नातकोत्तर डिग्री की आवश्यकता के बिना सीधे पीएचडी कार्यक्रम में नामांकन कर सकते हैं।

2. जेआरएफ और नेट योग्य छात्रों के लिए छूट: जेआरएफ और नेट योग्य छात्रों को प्रवेश प्रक्रिया के दौरान वेटेज मिलेगा।

3. पूर्व-नियुक्त पर्यवेक्षक: पीएचडी पर्यवेक्षकों को पीएचडी पाठ्यक्रम शुरू होने से पहले नियुक्त किया जाएगा।

4. विदेशी छात्रों के लिए छूट: विदेशी छात्रों को पीएचडी प्रवेश परीक्षा से छूट दी गई है और वे अतिरिक्त सीटों पर सीधे प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं।

5. शिक्षक पात्रता: स्नातक शिक्षक पर्यवेक्षक बन सकते हैं, और संविदा शिक्षक सह-पर्यवेक्षक बन सकते हैं।

6. विशेष प्रावधान: महिला और दिव्यांग छात्रों के लिए विशेष प्रावधान

7. ऑनलाइन प्रक्रिया: थीसिस जमा करने से लेकर पुरस्कार तक की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन आयोजित की जाएगी और अधिकतम छह महीने के भीतर पूरी की जाएगी।

डीडीयू में स्नातक प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन अब 25 तक

गोरखपुर। सुपर फास्ट टाइम्स

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की स्नातक कक्षाओं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। पहले ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 7 मई घोषित थी। जिसे अब बढ़ाकर 25 मई कर दी गई है। पूरित ऑनलाइन आवेदन अब 30 मई तक जमा होंगे। यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. हर्ष कुमार सिन्हा ने बताया कि इंटरमीडिएट कक्षाओं के आईसीएसई बोर्ड के परीक्षाफल सोमवार को घोषित हुए हैं इसलिए बड़ी संख्या में विद्यार्थी आवेदन नहीं कर सके हैं। जबकि सीबीएसई बोर्ड के परीक्षाफल अभी घोषित होने वाले हैं। ऐसे प्रतिवेदनों पर विचार करते हुए कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने अभ्यर्थियों के हित में अंतिम तिथि को 25 मई तक बढ़ाने के निर्देश दिए। संशोधित तिथि की सूचना विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल www.dduguadmission.in पर प्रदर्शित कर दी गई है।